तीन मिनट की फिल्म में दिखाई गई मोदी सरकार के तीन वर्षों की उपलब्धियां

Rakesh Kumar Yadav | ETV MP/Chhattisgarh
Updated: June 12, 2017, 9:53 AM IST

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में केंद्र सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर बीते रविवार को कृषि उपमंडी में 'सबका साथ सबका विकास कार्यक्रम' का आयोजन किया गया.

इस कार्यक्रम में मोदी सरकार की तीन वर्षों की कार्यकाल की उपलब्धियों को तीन मिनट की एक फिल्म के माध्यम से दिखाया गया. इन तीन वर्षों मे केंद्र सरकार द्वारा जिले को मिली सौगातों के बारे में सांसदों ने चर्चा की. साथ ही प्रधानमंत्री को विकास के लिए धन्यवाद भी किया.

सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि जनपद पंचायत को इंटरनेट फेसिलिटी मिलने से भविष्य में जनपद बैंकिंग की सुविधा से जुड़ जाएगा. उन्होंने कहा कि यह साफ दर्शाता है कि कैसे केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति और अंतिम गांव तक पहुंच रहा है.

उन्होंने बताया कि बीएसएनल के माध्यम से आयोजत इस कार्यक्रम में पूरे राजनांदगांव जिले में बीएसएनएल के 57 टावर लगने जा रहे हैं. इनमें 2जी के 46 टावर अब 3जी में कनवर्ट होने जा रहे हैं.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएं जिस तरह चल रही हैं, उससे आने वाले समय में

राजनांदगांव अपने आप में विकास का एक कीर्तिमान स्थापित करेगा.

वहीं वनमंत्री महेश गागड़ा ने बताया कि आयोजित 'सबका साथ सबका विकास' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना और उज्जवला योजना के सभी लाभार्थियों के चेक वितरीत किए गए.

बता दें कि इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर जिले के धुर माओवादी प्रभावित मानपुर क्षेत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया था. मानपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और जनपद पंचायत को मिली इंटरनेट की सौगात के लिए सांसद अभिषेक सिंह का आभार जताया है.